नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 'धर्म रक्षा की विरासत को याद रखें' : शाह


6 अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है होलिका दहन



7 सकल जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़ा


8 मीनाक्षी, नेहा ने कुश्ती में जीते रजत पदक

# हमले में खामेनेई सहित बेटी, दामाद और नाती की मौत

## ईरानी रक्षा मंत्री और आईआरजीसी चीफ समेत 7 टॉप कमांडर भी मारे गए

**1200** बम 24 घंटे में गिराए ईरान पर अमेरिका-इजराइल ने

**40** दिन की शोक अवधि का देश ने किया ऐलान

### ईरान का पलटवार... अमेरिकी युद्धपोत 'अब्राहम लिंकन' पर दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें

### ईरानी हमलों में अमेरिका के तीन सैनिकों की मौत, 5 गंभीर रूप से घायल

**नयी दिल्ली, 01 मार्च ( वार्ता ) ईरान की राजधानी तेहरान पर शनिवार तड़के हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ( 86 ) की मौत हो गई. उनके अलावा खामेनेई की बेटी, दामाद, नाती और कुछ शीर्ष अधिकारी भी हमलों में मारे गए. देश ने 40 दिन की शोक अवधि का ऐलान किया गया है. वहीं दूसरी तरफ रविवार को इजरायली वायुसेना ने तेहरान पर फिर से नए हमले किए. देश के सरकारी टेलीविजन ने रविवार को इसकी पुष्टि की. सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने रविवार सुबह बताया, ईरान के सर्वोच्च नेता शहीद हो गए हैं. खामेनेई की मौत की खबर फैलते ही ईरान समेत कई देशों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका-इजराइल हमले का विरोध किया. शिया समुदाय सड़कों ने 'डेथ टू अमेरिका' के नारे लगाए. इसके अलावा वॉशिंगटन में जश्न मना. अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए. ईरान ने भी कड़े पलटवार की तैयारी शुरू कर दी है.**

इजरायली डिफेंस फोर्स ने घोषणा की कि ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नसीरजादेह और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के चीफ समेत सात वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडर मारे गए. इसे पूरे ईरान में किए गए सटीक एयरस्ट्राइक बताया गया. ये हत्याएं अमेरिका और इजरायल के एक बड़े संयुक्त हमले के हिस्से के तौर पर हुई, जिसमें ईरान के सैन्य और रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया था. इस घटना से पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव तेजी से बढ़ गया है. आईडीएफ के मुताबिक, यह ऑपरेशन इजरायल एयरफोर्स (आईएएफ) ने तब किया जब सैन्य खुफिया निदेशालय ने तेहरान में दो अलग-अलग जगहों की पहचान की, जहां ईरान के बड़े सुरक्षा अधिकारी इकट्ठा थे. ईरान ने पलटवार करते हुए अमेरिकी युद्धपोत 'अब्राहम लिंकन' पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं. ईरानी हमलों में अमेरिका के तीन सैनिकों की मौत हो गई और 5 गंभीर रूप से घायल हो गए.




अयातुल्लाह अली खामेनेई


अमीर नसीरजादेह (डिफेंस मिनिस्टर)


ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद


मोहम्मद पाकपुर ( कमांडर-इन-चीफ)


अली शमखानी (सुरक्षा सलाहकार)


सालाह असदी (मिलिट्री चीफ)


मोहम्मद शिराजी (मिलिट्री ब्यूरो प्रमुख)

### पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद की मौत!

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद के मारे जाने का दावा सामने आया है. ईरानी न्यूज एजेंसी ने रविवार को कहा कि इजरायल-अमेरिका की एयरस्ट्राइक में उनकी मौत हुई. रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वोत्तर तेहरान के नरमक स्थित उनके आवास को निशाना बनाया गया, जहां हमले में अहमदीनेजाद और उनके कई बॉडीगार्ड की जान चली गई. हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है!

### कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर 9 की मौत

दक्षिण सिंध प्रांत के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर रविवार को आक्रोशित प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई झड़प में कम से कम नौ लोग मारे गए हैं और 12 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है. बचाव दल के अधिकारियों के अनुसार, दूतावास के बाहर झड़पें तब शुरू हुईं, जब प्रदर्शनकारियों ने परिसर में प्रवेश करने की कोशिश की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की. बचाव दल 1122 सिंध के प्रवक्ता हसन उल हसीब ने शिन्हुआ को बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है. उनमें से कई की हालत गंभीर है. प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल यह अब भी अनिश्चित है कि गोली किसने चलाई. आगे कहा कि अधिकतर घायलों को गोलियां लगी हैं, जबकि कुछ लाठीचार्ज में घायल हुए हैं. एधी बचाव सेवा के बयान के अनुसार, स्थिति नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज का सहारा लिया. सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजार ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी है और संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश दिए हैं.

### खामेनेई का बेटा मोजतबा बना सुप्रीम लीडर

खामेनेई के निधन के बाद नए सुप्रीम लीडर खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई बने. नए कमांडर इन चीफ ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी को बनाया गया. इसी के साथ देश की बागडोर एक तीन सदस्यीय समिति को सौंप दी गई. इसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं. उनके अलावा शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का नया कमांडर नियुक्त किया है. उन्होंने अमेरिका-इजरायल हमले में मारे गए श्री मोहम्मद पाकपोर का स्थान लिया है.

### तानाशाह का शासन समाप्त : नेतन्याहू



इससे पूर्व, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा था, सुबह हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया. अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है. उन्होंने कहा कि इजरायली सेना ने अयातुल्ला शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी मार गिराया है और आने वाले दिनों में और हमले करने का वादा किया. नेतन्याहू ने ईरानियों से शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान किया.

### सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत : ट्रम्प



अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में खामेनेई की मौत की पुष्टि की. उन्होंने लिखा, इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत हो गई है. यह न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के उन कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है. उन्होंने कहा कि यह अभियान ईरानी लोगों के लिए अपने देश की सत्ता वापस लेने का मौका है.

### एमपी के 700 से ज्यादा यात्री यूएई में फंसे

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच उड़ानों के रद्द होने से मध्य प्रदेश के 700 से ज्यादा लोग संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में फंस गए हैं. रविवार को ट्रैवल एजेंट्स संगठन के एक पदाधिकारी ने बताया कि फंसे लोगों में मध्य प्रदेश के दो पूर्व विधायक भी शामिल हैं. फ्लाइट कैंसिलेशन के कारण ये यात्री वापस भारत नहीं लौट पा रहे हैं. हालात सामान्य होने और उड़ान सेवाएं बहाल होने का इंतजार किया जा रहा है. इसी के साथ भारत के विभिन्न एयरपोर्ट से करीब 350+ फ्लाइट कैंसिल की गई है.

### इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दी चेतावनी

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने चेतावनी दी कि अमेरिकी-इजरायली संयुक्त हमलों में सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की शहादत के बाद, इस्लामी गणराज्य के सशस्त्र बलों द्वारा इतिहास में सबसे भीषण आक्रामक अभियान जल्द ही शुरू किए जाएंगे. ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा संस्था, सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) ने कहा कि वह दुनिया के उत्पीड़कों के खिलाफ लड़ाई में एक बड़े विद्रोह की शुरुआत करेंगे. उन्होंने ईरान और उसके सहयोगियों को अधिक लचीला और दृढ़ बनकर उभरने का आश्वासन दिया. धमकियों के कुछ ही घंटों के भीतर, इजरायली अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर हमला किया. पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं और आपातकालीन सेवाओं ने कई प्रभावित स्थलों पर प्रतिक्रिया दी.

### एक नजर में



#### होलिका पूजन का मुहूर्त

उज्जैन. होलिका पूजन एवं होली के बारे में पंडित जय शिव शर्मा ने बताया कि 2 तारीख को, भद्रा शाम 5, बजकर 17, मिनट से प्रारंभ होकर अगले दिन प्रात: 5, बजकर 30,मिनट पर पूर्ण होगी. तत् पश्चात् 5 बजकर 31 मिनट से 6 बजे के समय में ही होलिका पूजन एवं होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत श्रेष्ठ रहेगा. उसके पश्चात 6 बजे से ग्रहण का सूतक प्रारंभ होकर शाम 6 बजकर 47 मिनट पर ग्रहण का मोक्ष होना पंचांग कर्ता एवं शास्त्रों में बताया गया है जो मानव भद्रा, अथवा ग्रहण के समय या ग्रहण के सूतक काल में शुभ कर्म करता हे वो अपने परिवार के साथ साथ अपने हितैषी का विनाश करता है.

#### होली के अवसर पर तीन व चार मार्च को अवकाश

भोपाल. मध्यप्रदेश सरकार ने होली के अवसर पर तीन और चार मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया. होलिका दहन और धुलेंडी मनाने संबंधी जानकारियां सामने आने के बाद राज्य सरकार का नया आदेश आया है.

## नागपुर में फैक्ट्री में विस्फोट से 15 की मौत, कई घायल

**मुंबई, 01 मार्च ( वार्ता ) महाराष्ट्र में नागपुर जिले के कटोल में रविवार को एक एक्सप्लोसिव फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. यह विस्फोटक सामग्री बनाने वाली फैक्ट्री थी और पीड़ितों में ज्यादातर महिलाएं हैं.**

घटना की जानकारी मिलते ही नागपुर जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया. पुलिस महानिरीक्षक संदीप पाटिल ने कहा कि बचाव ऑपरेशन जारी है और विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे थे.



#### पीएम ने जताया दुख

पीएम मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50000 रुपए देने की घोषणा की है. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र के नागपुर में एक फैक्टरी में हुआ विस्फोट अत्यंत दुखद है.

## अर्थव्यवस्था को गति देंगी परियोजनाएं : मोदी

### मदुरै में 4400 और पुडुचेरी में 2,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ



**मदुरै, 01 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में विकास कार्यों का उद्घाटन और आधारशिला रखी. इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन तमिलनाडु के विकास के सफर में एक गौरवपूर्ण अध्याय का प्रतीक है. हमने 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी हैं, उनका उद्घाटन किया है और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया है. वहीं पीएम ने पुडुचेरी में 2,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया.**

मदुरै में प्रधानमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं संपर्क व्यवस्था में बदलाव लाएंगी, अर्थव्यवस्था को गति देंगी, रोजगार सृजित करेंगी और लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाएंगी. किसानों के लिए बाजारों तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़कें, पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए सुगम यात्रा और व्यवसायों के लिए तेज परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी. पिछले 12 वर्षों में, भारत सरकार ने तमिलनाडु के राजमार्ग नेटवर्क में भारी निवेश किया है. 2014 से अब तक यहां 4000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण हो चुका है.



## वन्य-जीव संरक्षण हमारी प्राथमिकता : डॉ. यादव

### कूनो नदी में रिलीज किए घड़ियाल और कछुए

**ग्वालियर, 01 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को कूनो नेशनल पार्क स्थित कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुए रिलीज किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में घड़ियाल और कछुओं का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है. विलुप्त होते जीवों के संरक्षण के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश सरकार कार्य कर रही है.**

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू हुआ चीता प्रोजेक्ट निरंतर सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है. इससे प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है. वहीं इस वर्ष मध्यप्रदेश आने वाले सैलानियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है. इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरसनपाल बरिया, उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डीबाई आदिवासी, विधायक बृजराज सिंह चौहान, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव, कमिश्नर सुरेश कुमार, डीआईजी सचिन अतुलकर, श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा, संचालक राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, डीएफओ हरीश बघेल, कूनो के डीएफओ आर. थिरुकुराल और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

#### 53 घड़ियाल और 25 कछुए छोड़े

कूनो नेशनल पार्क स्थित कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुए नदी में रिलीज किए. गेवेलियस गेंगेटिक्स नाम के छोड़े गये 53 घड़ियाल में से 28 नर एवं 25 मादा शामिल हैं. इसी प्रकार 25 कछुए थ्री स्ट्रिप्ड रूफ टर्टल प्रजाति के हैं, जिनका वैज्ञानिक नाम वाटागुरु डोंगोका है.


**खगोलीय घटना** | 3 मार्च के पूर्ण चंद्र ग्रहण का आपके जीवन पर प्रभाव

## 2026 का ब्लड मून और महा-संयोग

**डॉ. आशुतोष उपाध्याय**

**3 मार्च को आसमान में एक बहुत ही महत्वपूर्ण खगोलीय घटना हो रही है, इस दिन पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, ज्योतिषीय भाषा में इसे ग्रेट ट्विस्ट अलाइनमेंट कहा जा रहा है हैं. यह चंद्र ग्रहण सिंह राशि और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा. सबसे खास बात यह है कि यह ग्रहण फाल्गुन महीने की पूर्णिमा यानी होली के दिन पड़ रहा है, जो कि एक दुर्लभ घटना है और इससे त्योहार से जुड़े नियमों में कुछ बदलाव आ सकते हैं.**

भारत में यह ग्रहण मुख्य रूप से चंद्रोदय के समय दिखाई देगा, यानी जब चांद उगेगा तब ग्रहण अपने अंतिम चरण में होगा. ग्रहण का सबसे गहरा प्रभाव शाम 05.04 बजे होगा, जब चांद हल्का लाल यानी ब्लड मून जैसा दिखाई देगा. भारत के पूर्वी हिस्सों में यह लगभग 62 मिनट तक दिखेगा, जबकि पश्चिमी हिस्सों में केवल 12 मिनट के लिए दिखाई देगा. शाम 06.47 बजे आंशिक ग्रहण समाप्त हो जाएगा और इसी के साथ सूतक काल भी खत्म हो जाएगा.



**ज्योतिषीय महा-संयोग: सिंह और कुंभ राशि का आमना-सामना:** यह चंद्र ग्रहण ज्योतिष की दृष्टि से बहुत ही खास है, क्योंकि इसमें ग्रहों की एक बेहद अनोखी और शक्तिशाली स्थिति बन रही है सिंह राशि में ग्रहण दोष चंद्रमा सिंह राशि में केतु के साथ होगा, जिसे ग्रहण दोष कहा जाता है. यह स्थिति व्यक्ति के अहंकार को चुनौती देती है और यह सोचने पर मजबूर करती है कि बाहरी दिखावे के बिना हम असल में क्या हैं. कुंभ राशि में पंचग्रही युति- ठीक इसी समय कुंभ राशि में 5 ग्रह -सूर्य, राहु, मंगल, बुध और शुक्र, एक साथ मौजूद होंगे.